### हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने चेयरमैन बनाए गए नेताओं को मिठाई खिलाकर दी बधाई

# पूर्व विधायक ईश्वर पलाका व दो अन्य भाजपा नेता बनाए गए चेयरमैन

**पलाका सफाई कर्मचारी आयोग व जुयाल अपेक्स बैंक के चेयरमैन और ओमपाल डीएनटी बोर्ड के वाइस चेयरमैन बने**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार ने जिले के पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका को हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग का चेयरमैन, भाजपा नेता भारत भूषण जुयाल को अपेक्स बैंक का चेयरमैन और ओमपाल को डीएनटी बोर्ड का वाइस चेयरमैन बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई है। रविवार को जगाधरी में कार्यक्रम आयोजित कर पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने तीनों नेताओं को उन्हें चेयरमैन व वाइस चेयरमैन बनाए जाने पर मिठाई खिलाकर बधाई दी।



यमुनानगर। जगाधरी में नवनियुक्त डीएनटी बोर्ड के वाइस चेयरमैन ओमपाल व अन्य नेताओं को मिठाई खिलाकर बधाई देते पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल। फोटो : हरिभूमि

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने भाजपा जिला संगठन के वरिष्ठ नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने बताया कि सरकार ने जिले के रादौर से पूर्व विधायक रहे ईश्वर सिंह पलाका को हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग का चेयरमैन बनाया गया है। वहीं, भाजपा नेता भारत भूषण जुआल को हरियाणा कोऑपरेटिव अपेक्स बैंक का चेयरमैन और भाजपा नेता ओमपाल को डीएनटी बोर्ड का वाइस चेयरमैन नियुक्त किया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और भाजपा प्रदेश नेतृत्व की अनुशंसा पर राज्य के विभिन्न महत्वपूर्ण बोर्डों, निगमों और अकादमियों में नए चेयरमैनों की नियुक्तियां की गई हैं। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि यह नियुक्तियां भाजपा के उन कर्मठ और जमीनी नेताओं का सम्मान है। जिन्होंने संगठन को मजबूत करने में रात दिन एक किया है। सरकार का यह कदम राज्य में विकास कार्यों को और गति देने तथा प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता लाने में मील का पत्थर साबित होगा। मौके पर नवनियुक्त डीएनटी बोर्ड के वाइस चेयरमैन ओमपाल समेत तीनों का पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने मिठाई खिालकर मुंह मीठा करवाया। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री व सरकार का भाजपा नेताओं को अहम जिम्मेदारी दिए जाने पर आभार जताया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने बताया कि इस निर्णय से भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह और खुशी की लहर है। कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर इस फैसले का स्वागत किया है। जमीनी स्तर के नेताओं को यह सम्मान मिलने से संगठन का मनोबल और मजबूत हुआ है। मौके पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी, भाजपा जिला मीडिया प्रमुख कपिल मनीष गर्ग मौजूद रहे।

### किसान सभा के सदस्यों ने तेजली गांव में जलाईं एमएसपी की प्रतियां

# पेट्रोलियम पदार्थों की बढ़ती कीमतों के विरोध में किया प्रदर्शन, नारेबाजी

**किसान सभा हरियाणा के जिला अध्यक्ष जरनैल सिंह सांगवान ने प्रदर्शनकारियों का किया नेतृत्व**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर किसान सभा हरियाणा के सदस्यों ने रविवार को तेजली गांव में खरीफ फसल के न्यूनतम समर्थन मूल्य(एमएसपी), पेट्रोलियम पदार्थों की बढ़ती कीमतों व कालाबाजारी के विरोध में प्रदर्शन किया। मौके पर किसानों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर अपना रोष जताया।

रविवार को किसान सभा हरियाणा के सदस्य सभा के जिला प्रधान जरनैल सिंह सांगवान के नेतृत्व में तेजली गांव में एकत्र हो गए। इस दौरान उन्होंने खरीफ फसल के न्यूनतम समर्थम मूल्य समेत अन्य मुद्धों को लेकर प्रदर्शन किया। मौके पर प्रदर्शन कारियों ने खरीफ पसल के एमएसपी की प्रतियां हाथों में लहराकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। बाद में प्रदर्शनकारियों ने एमएसपी की प्रतियों को जलाकर अपना रोष जताया। सभा के जिला प्रधान जरनैल सिंह सांगवान ने कहा कि केंद्र की भाजपा नेतृत्व वाली एनडीए सरकार द्वारा इनपुट लागतों में अभूतपूर्व वृद्धि के बावजूद स्वामीनाथन फार्मूले सीटू 50 प्रतिशत के आधार पर एमएसपी न देने की नीति जारी रखना उसकी किसान विरोधी व धोखेबाज मानसिकता स्पष्ट झलकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मुंह से बार बार दोहराया गया है कि किसानों की आय 2022 तक दोगुनी की जाएगी । मगर अब वर्ष 2026 में प्रधानमंत्री उस घोषणा को बिल्कुल नजरअंदाज कर चुके हैं। सरकार को सीटू 50 प्रतिशत के आधार पर एमएसपी की कानूनी गारंटी के साथ सार्वभौमिक खरीद सुनिश्चित करनी चाहिए। इसके साथ ही पेट्रोल और डीजल की कीमतों में की गई वृद्धि को तत्काल वापस लिया जाए तथा ट्रैक्टर और सभी कृषि कार्यों के लिए डीजल कर मुक्त दरों पर उपलब्ध करवाया जाए।



यमुनानगर। तेजली गांव में प्रदर्शन के दौरान एमएसपी की प्रतियां जलाते किसान सभा के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**कालाबाजारी करने वालों पर हो कार्रवाई**

उर्वरकों की निश्चित कीमत पर पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और किसानों को लूटने वाले कलाबाजारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। मौके पर किसान नेता मास्टर मनीराम नंबरदार व माता राम ने नीट, सीबीएसई व कॉलेज यूनिवर्सिटी में दाखिलों के लिए परीक्षा पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि सरकार नौजवानों व छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। इन लूट के अड्डों को बंद करके इसके लिए जिम्मेदार एजेंसियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर पूर्व सरपंच मोहनलाल,नंबरदार किरण पाल, जयचंद, रामकुमार, निर्मल सिंह, बलदेव कंधेला व इसरार आदि मौजूद रहे।

### 25 वर्षीय पूर्व लेक्चरर लापता, दो माह पूर्व छोड़ा था कॉलेज

**यमुनानगर।** शहर के एक कॉलेज की 25 वर्षीय पूर्व फिजिक्स लेक्चरर लापता हो गई है। युवती ने करीब दो माह पहले ही कॉलेज छोड़ा था। इसकी जानकारी उसने परिजनों को नहीं दी थी। जब परिजन उससे मिलने यूपी से यमुनानगर पहुंचे और फोन पर बातचीत हुई तो लोकेशन भेजने की बात कहने के बाद उसका मोबाइल बंद हो गया। इसके बाद से उसका कोई सुराग नहीं लग सका। सिटी थाना पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर युवती के लापता होने का मामला दर्ज कर लिया है।

उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाना शहर यमुनानगर में शिकायत देकर बताया कि उनकी भतीजी यमुनानगर स्थित एक कॉलेज में फिजिक्स पढ़ाती थी और कॉलेज परिसर के हॉस्टल में रहती थी। शनिवार को वह अपनी बहन और बहनोई के साथ भतीजी से मिलने यमुनानगर पहुंचे थे। शाम करीब पांच बजे भतीजी से मोबाइल पर बातचीत हुई। परिजनों ने उससे मिलने के लिए लोकेशन भेजने को कहा। इसके कुछ ही देर बाद उसका मोबाइल बंद हो गया। उससे संपर्क नहीं होने पर वह सीधे उसके कॉलेज पहुंचे। वहां उन्हें जानकारी मिली कि युवती करीब दो महीने पहले ही नौकरी छोड़ चुकी है। उन्होंने थाना में शिकायत देकर युवती की तलाश की मांग की।



### विकास कार्यों का नपा पार्षद राजीव आर्य ने किया निरीक्षण

**रादौर।** रादौर के वार्ड नंबर दो में चल रहे विकास कार्यो का रविवार को पार्षद राजीव आर्य ने निरीक्षण किया। उन्होंने ठेकेदार को गली निर्माण के कार्य में अच्छी गुणवत्ता वाली सामग्री का प्रयोग करने के निर्देश दिए। नपा पार्षद राजीव आर्य ने बताया कि कस्बा में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के बेटे नेपाल राणा के नेतृत्व में विकास कार्य तेजी से हो रहे है। रादौर की हर गली में पाइपलाइन व सीवरेज लाइन बिछाकर गलियां बनाने का कार्य किया जा रहा है। जल्द ही वार्ड नंबर दो में पश्चिमी यमुनाहर की पटरी का सौंदर्यकरण किया जाएगा। जिससे कस्बा की सुंदरता बढ़ जायेगी। शहर में नालो की सफाई के लिए लाखों रूपये खर्च करने का कार्य किया गया है। वह वार्ड में हो रहे विकास कार्यो में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरतने देंगे। सभी कार्य अच्छे तरीके से किए जा रहे है।



### सीवरेज के मेनहॉल का ढक्कन टूटने से लोग हो रहे परेशान

**रादौर।** रादौर के शमशान घाट रोड पर स्थित कॉलोनी में लंबे समय से सीवरेज के मेन हॉल का ढक्कन टूटे होने से स्थानीय लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। सीवरेज का ढक्कन टूटने से लोगों को हर समय दुर्घटना होने की चिंता सता रही है। उन्होंने कई बार पब्लिक हेल्थ के कर्मचारियों को टूटे ढक्कन को ठीक करवाए जाने की शिकायते भी दी। लेकिन समस्या का आज तक कोई समाधान नहीं किया गया। रादौर निवासी बिट्टू, जोनी, प्रदेशी, रामकुमार, विनोद व रामस्वरूप ने बताया कि कॉलोनी में भारी वाहन के कारण सीवरेज का ढक्कन टूट गया था। उन्होंने मामले को लेकर विभाग को अवगत करवाकर सीवरेज का ढक्कन लगाए जाने की गुहार लगाई थी। परंतु आज तक सीवरेज के मेन हॉल पर ढक्कन नहीं लगाया गया। रात के समय अंधेरा होने से कभी भी कोई वाहन चालक या कोई बच्चा दुर्घटना का शिकार हो सकता है। उन्होंने विभाग के अधिकारियों से जल्द से जल्द सीवरेज के मेन हॉल पर ढक्कन लगाने की मांग की। इस बारे पब्लिक हेल्थ के जेई पवन कुमार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। वह जल्द से जल्द कर्मचारियों को भेजकर सीवरेज के मेन हॉल का ढक्कन बदल देंगे।




### लोकमाता अहिल्याबाई के आदर्श आज भी प्रेरणास्त्रोत

**यमुनानगर।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के आदर्श आज भी प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने उक्त शब्द अखिल भारतीय पाल गडरिया महासभा द्वारा शहर के अर्जुन नगर में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में कहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा के जिला अध्यक्ष राकेश पाल ने की। वहीं, विशिष्ठ अतिथि के रुप में महसभा के प्रदेश अध्यक्ष नर सिंह पाल,हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) के सदस्य राजिंद्र धीमान और ज्ञानचंद पंडवार मौजूद रहे। अखिल भारतीय पाल गडरिया महासभा के प्रदेश अध्यक्ष नर सिंह पाल और ज्ञानचंद पडवार अति विशिष्ट अतिथि रहे। मौके पर समाज के मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि एवं कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर ने समाज सेवा, जनकल्याण और सुशासन की ऐसी मिसाल पेश की है। जो सदियों बाद भी लोगों को प्रेरित कर रही है। उन्होंने कहा कि समाज को उनके आदर्शों पर चलकर शिक्षा, संगठन और सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने पाल धर्मशाला में लाइब्रेरी स्थापित करने के लिए ग्रांट देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इससे विद्यार्थियों और युवाओं को अध्ययन की बेहतर सुविधाएं मिलेंगी तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में भी मदद मिलेगी। देवी अहिल्याबाई ने अपने शासनकाल में जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी और उनके आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। समारोह में बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर समाज और जिले का नाम रोशन करने मेधावी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह एवं सम्मान पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में इंद्री नगरपालिका के चेयरमैन राकेश गूढ़ा, ब्लॉक समिति जगाधरी के चेयरमैन ओमवीर, सचिन पाल नाहरपुर, मास्टर रामेश्वर, नरेश बापा, मुकेश सरस्वतीनगर, अशोक कुमार खिलांवाला व जिला उपाध्यक्ष राजिंद्र पाल आदि मौजूद रहे।

# सेवा भाव से किया गया हर कर्म मन को बनाता है निर्मल : भारती

- साध्वी सरस्वती भारती ने साध संगत को समझाया कर्म का सिद्धांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में रविवार को जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साध्वी सरस्वती भारती ने साध संगत को कर्म का सिद्धांत समझाया। मौके पर साध्वी बहनों ने मधुर भजनों के माध्यम से प्रभु का गुणगान किया।

साध्वी ने फरमाया कि कर्म बंधनों से मुक्ति का मार्ग आत्मचिंतन, सत्संग, सेवा और परमात्मा के स्मरण से प्रशस्त होता है। शास्त्रों के अनुसार मनुष्य कर्मों के कारण जन्म मृत्यु के चक्र में बंधा रहता है। जब व्यक्ति निष्काम भाव से कर्म करता है और अपने कर्तव्य को सेवाभाव से निभाता है तथा फल की आसक्ति का त्याग करता है। तब उसके कर्म बंधन धीरे धीरे क्षीण होने लगते हैं।

संत महापुरुषों ने बताया है कि गुरु कृपा ध्यान व सत्संग सेवा के माध्यम से मनुष्य अपने कर्म संस्कारों और कर्मों के प्रभाव से ऊपर उठ सकता है। सेवा भाव से किया गया प्रत्येक कर्म मन को निर्मल बनाता है। भारती ने कहा कि भगवत गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने भी कर्मयोग का उपदेश देते हुए बताया है कि कर्म करते हुए भी कर्मों से निर्लिप्त रहना ही वास्तविक मुक्ति का आधार है। जब व्यक्ति अपने जीवन में प्रेम, करुणा, क्षमा और समर्पण को अपनाता है। तब वह कर्म बंधनों से मुक्त होकर आंतरिक शांति और परम आनंद का अनुभव करता है। कर्म बंधनों से मुक्ति केवल बाहरी परिस्थितियों को बदलने से नहीं है। बल्कि अपनी दृष्टि, सोच और चेतना को शुद्ध करने से प्राप्त होती है। गुरु के मार्गदर्शन में किया गया पुरुषार्थ हमें आत्मबोध की ओर ले जाता है। जहां हम स्वयं को कर्मों का भोक्ता नहीं अपितु दृष्टा अनुभव करते हैं। इसके बाद हमें यही अवस्था वास्तविक स्वतंत्रता, शांति और मोक्ष की दिशा में अग्रसर करती है। कार्यक्रम के अंत में साध्वी बहनों ने सुमधुर भजनों का गायन करके समूह संगत को कृतार्थ किया।



यमुनानगर। जगाधरी में आयोजित संत संकीर्तन में उपदेश श्रवण करती साध संगत। फोटो : हरिभूमि



### नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर में 58 लोगों के दांतों की जांच

**यमुनानगर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की चन्द्रशेखर शाखा के तत्वावधान में रविवार को जगाधरी के हुड्डा सेक्टर-17 स्थित पार्क नंबर एक में नि:शुल्क दंत चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दंत चिकित्सकों द्वारा 58 लोगों के दांतो की जांच कर उन्हें मुफ्त में दवाइयां वितरित की। शिविर में दंत चिकित्सक डॉ. ललित गर्ग व डॉ. प्रथम मित्तल ने लोगों के दांतो की जांच की। मौके पर चिकित्सकों ने मरीजों को दांतों और मसूड़ों की देखभाल, नियमित ब्रश करने की आदत, संतुलित आहार तथा दंत रोगों की रोकथाम के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समय समय पर दंत परीक्षण करवाने से कई गंभीर समस्याओं का प्रारंभिक स्तर पर ही पता लगाया जा सकता है। जांच के दौरान जिन मरीजों में दंत संबंधी समस्याएं पाई गईं। उन्हें आवश्यक उपचार संबंधी परामर्श दिया गया। साथ ही जरूरतमंद रोगियों को नि:शुल्क औषधियां भी वितरित की गईं। शिविर में पहुंचे लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर समाज के लिए अत्यंत लाभकारी हैं और आमजन को विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाएं सहज रूप से उपलब्ध कराते हैं। मौके पर शाखा कार्यवाह सुनील जैरथ ने बताया कि शिविर आयोजित करने का उद्देश्य लोगों को दांतों एवं मुख स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सा परामर्श उपलब्ध कराना रहा। इस अवसर पर विवेक वर्मा, हरीश, प्रमोद, हरिश गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, जितेंद्र बंसल, नरेंद्र गुप्ता, रमन गुप्ता तथा सुंदरलाल आदि मौजूद रहे।

### भंडारे में किया कढ़ी चावल का प्रसाद ग्रहण

**यमुनानगर।** आल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक पेंशनर्स एंड रिटायरीज एसोसिएशन सर्कल यमुनानगर द्वारा जगाधरी बस स्टैंड के नजदीक भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें हजारों श्रद्धालुओं ने कड़ी चावल का प्रसाद ग्रहण किया। एसोसिएशन के सर्कल सचिव एसपी कांबोज ने बताया कि संस्था द्वारा सेवा कार्यों का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में आज भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं को कड़ी चावल का प्रसाद बरताया गया। मौके पर श्री राधा रसोई में नि:स्वार्थ भाव से सेवा देने वाले छह सदस्यों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। एसोसिएशन पदाधिकारियों ने कहा कि समाज सेवा और जरूरतमंदों की सहायता करने वाले ऐसे व्यक्तियों पर सभी को गर्व है। एसोसिएशन के अध्यक्ष चमन लाल ने कहा कि जरूरतमंद व्यक्तियों को भोजन करवाना केवल सेवा नहीं है। बल्कि मानवता का श्रेष्ठ उदाहरण है। भूखे व्यक्ति को भोजन कराने से बड़ा कोई पुण्य नहीं माना गया है।

### केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं से लोगों को करवाया अवगत

# कृषि मंत्री ने रादौर में लगाया जनता दरबार

**श्याम सिंह राणा ने लोगों की समस्याएं सुनीं और उनका समाधान किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण, मत्स्य व पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने रादौर स्थित अपने कार्यालय में जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने मौके पर अधिकांश समस्याओं का समाधान कर दिया। जबकि अन्य समस्याओं का जल्द समाधान करवाए जाने का आश्वासन दिया। मौके पर उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं व नीतियों से लोगों को अवगत करवाया।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा जनता का प्रतिनिधि एवं सरकार में कैबिनेट मंत्री होने के नाते जनता की समस्याओं एवं शिकायतों का निवारण करना उनकी पहली प्राथमिकता है। देश व प्रदेश की भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की भावना के साथ काम करने में विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि वे लोगों के विश्वास पर खरा उतरते हुए उनकी समस्याओं एवं शिकायतों का निवारण करने का हरसंभव प्रयास करेंगे। उनका यही प्रयास रहेगा कि हलके में अधिक से अधिक विकास कार्य पूर्ण हों। ताकि जनता को उनका लाभ मिल सकें। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि जन सुनवाई कार्यक्रम में हलके की जनता उनके समक्ष विभिन्न प्रकार की शिकायतें एवं समस्याएं लेकर आती है। जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निवारण कर दिया जाता है और जो समस्याएं एवं शिकायतें लम्बित रहती हैं उनका समाधान करने के लिए प्रशासन के विभिन्न विभागों के आला अधिकारियों को मौके पर ही फोन के माध्यम से निर्देश दिए जाते हैं।



रादौर। जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

**अफसरों को दिए तत्काल समाधान के निर्देश**

मंत्री ने प्रशासन से जुड़ी संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे लोगों की समस्याओं का तुरन्त समाधान करें । ताकि जनता को बार बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े। उन्होंने कहा कि उनका मकसद है कि मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ कर रादौर विधानसभा क्षेत्र को प्रदेश का खुशहाल क्षेत्र बनाया जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा का लक्ष्य हर वर्ग के हित एवं किसानों की खुशहाली एवं समृद्धि पर केन्द्रित हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में बनी प्रदेश सरकार हर वर्ग के हित को ध्यान में रखकर आगे बढ़ रही है।

### उन्हेड़ी गांव में तीन दिन से लापता किशोर का सुराग नहीं

**रादौर।** रादौर क्षेत्र के गांव उन्हेडी से तीन दिन पहले लापता हुए 17 वर्षीय बालक का कहीं भी सुराग नहीं मिला है। बालक के परिजन व पुलिस उसकी यहां वहां तलाश करने में लगे हैं। जानकारी के मुताबिक गांव उन्हेडी निवासी सलीम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 29 मई को सुबह साढ़े 10 बजे उसका 17 वर्षीय बेटा रिजवान अचानक घर से बिना बताए कहीं चला गया। जो आज तक घर वापिस नहीं लौटा। उन्होंने अपने बेटे की आसपास के क्षेत्र व रिश्तेदारियों में काफी तलाश की। लेकिन उसके भाई का कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर बालक की तलाश शुरू कर दी।

## विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर युवाओं को नशे से दूर रहने के प्रति किया जागरूक

# निकोटीन की चमक के पीछे छिपा है बीमारियों का अंधकार : डॉ. संजय

*शिक्षा, खेल एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का आह्वान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. संजय शर्मा तथा एक्सपरटाइज मेडिकल कैंपस द्वारा आयोजित जागरूकता अभियान के अंतर्गत सुन्दरपुर डेरा में पुरुषों, युवाओं एवं महिलाओं को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रेमनारायण अवस्थी, नगर पार्षद वार्ड नम्बर 17, ने कहा कि तंबाकू केवल व्यक्ति ही नहीं बल्कि पूरे परिवार और समाज के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। अवस्थी ने कहा कि समाज को नशामुक्त बनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को जागरूकता अभियान का हिस्सा बनना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित एवं स्वस्थ भविष्य प्रदान किया जा सके। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. संजय शर्मा के नेतृत्व में 2103 वें निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने लोगों को तंबाकू एवं निकोटीन युक्त उत्पादों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए नशामुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया। डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा वर्ष 2026 के लिए निर्धारित थीम — 'आकर्षण का पदार्फाश झ्र निकोटीन और तंबाकू की लत का मुकाबला' का उद्देश्य युवाओं एवं बच्चों को तंबाकू उद्योग की भ्रामक एवं आकर्षक विपणन रणनीतियों से बचाना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सिगरेट, हुक्का, ई-सिगरेट एवं अन्य निकोटीन उत्पादों को फैशन और आधुनिकता के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, जबकि वास्तविकता में ये उत्पाद शरीर को गंभीर बीमारियों की ओर धकेलते हैं। डॉ. शर्मा ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विश्वभर में 13 से 15 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 4 करोड़ किशोर किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन कर रहे हैं, जबकि लगभग 1.5 करोड़ किशोर ई-सिगरेट एवं वेपिंग उत्पादों का उपयोग कर रहे हैं। कई देशों में किशोरों के बीच वेपिंग की प्रवृत्ति वयस्कों की तुलना में तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है, क्योंकि कम आयु में निकोटीन की लत युवाओं के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। तंबाकू सेवन से फेफड़ों का कैंसर, मुख कैंसर, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, स्ट्रोक, श्वसन संबंधी रोग, अवसाद तथा पाचन तंत्र से जुड़ी अनेक गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर संदीप शर्मा,मोनू राणा, सूरज, श्याम लाल, महिंदर, बिट्टू,संजीव, गीता, संतोष आदि मौजूद रहे।



कुरुक्षेत्र। नशे से दूर रहने का संदेश देते डा. संजय शर्मा।

## साइकिल रैली निकालकर नशामुक्त जीवन का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर लोगों को स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण तथा नशा मुक्त जीवन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सेक्टर-3 में भव्य साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली को नगर पार्षद वार्ड-10 पंकज खन्ना (पिपली) तथा भारतीय सेना से सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर प्रवीण सांगवान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साइकिल रैली कम्युनिटी सेंटर सेक्टर-3 से प्रारंभ होकर गुरुद्वारा सिंह सभा, उमरी रोड, सम्राट भवन, जिंदल चौक तथा सेक्टर-2 और सेक्टर-3 के डिवाइडर मार्ग से होते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निवास के सामने से गुजरकर पुनः कम्युनिटी सेंटर सेक्टर-3 में संपन्न हुई। रैली में युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों, पूर्व सैनिकों तथा समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के संयोजक वार्ड-13 के पार्षद दुष्यंत बख्शी और हरियाणा पुलिस उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा मुख्य रूप से रहे। मुख्यातिथि पहुंचे सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर प्रवीण सांगवान ने कहा कि स्वास्थ्य सर्वोपरि है। स्वस्थ व्यक्ति ही परिवार समाज और राष्ट्र का कल्याण कर सकता है।

### कई बीमारियों को जन्म देता है धूम्रपान : मिश्र

कुरुक्षेत्र। धूम्रपान एक ऐसा धीमा जहर है, जो धीमे-धीमे इसका सेवन करने वाले व्यक्ति का दम घोटता है। धूम्रपान शरीर में कई प्रकार की प्राणघातक बीमारियों को जन्म देता है और ऐसे व्यक्ति को धीमी गति से मृत्यु शैया तक पहुंचाने का माध्यम बनता है। प्रतिवर्ष विश्व भर में 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य तम्बाकू सेवन के नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभावों की ओर ध्यान आकर्षित करना है, जो दुनियाभर में प्रतिवर्ष लाखों मौतों का कारण बनता है। यह विचार विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा धूम्रपान का युवा पीढ़ी पर दुष्प्रभाव विषय पर आयोजित एक चर्चा सत्र में व्यक्त किए। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों ने अपने जीवन में कभी भी किसी प्रकार का नशा न करने एवं नशे के खिलाफ कार्य करने का संकल्प लिया। मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा आज की तेज रफ्तार वाली दुनिया में, युवा पीढ़ी कई चुनौतियों का सामना कर रही है।



## किसानों के हितों के खिलाफ कोई भी डील स्वीकार नहीं होगी : चढूनी

अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापारिक डील का विरोध



कुरुक्षेत्र। अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापारिक डील के विरोध में पुतला फूंकते भाकियू कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भारतीय किसान यूनियन चढूनी की प्रदेश स्तरीय बैठक जाट धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक में अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापारिक डील को चर्चा की गई। बैठक के बाद किसानों ने अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापारिक डील का विरोध करते हुए पुतला फूंका। किसानों ने अमेरिका ट्रेड डील पर अमेरीकी डेपुटेशन वापस जाओ के नारे भी लगाए। यूनियन के राष्टीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी ने बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि 1 से 4 जून तक अमेरिका का प्रतिनिधिमंडल भारत आने वाला है। किसान संगठन इस दौरे का विरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि जो लोग इस डील को आगे बढ़ाने के लिए भारत आ रहे हैं, उन्हें किसानों का विरोध झेलना पड़ेगा। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि किसानों के हितों के खिलाफ होने वाली कोई भी डील स्वीकार नहीं की जाएगी। चढूनी ने कहा कि अमेरिका के साथ होने वाली यह डील तीन कृषि कानूनों से भी ज्यादा नुकसानदायक साबित हो सकती है। उन्होंने बताया कि अमेरिका का क्षेत्रफल भारत से कई गुना ज्यादा है और वहां किसानों को भारी सब्सिडी दी जाती है। ऐसे में अगर अमेरिकी अनाज भारतीय बाजार में आया तो यहां के किसानों के लिए प्रतिस्पर्धा करना मुश्किल हो जाएगा।

### हर माह अंतिम रविवार को लगेगा नि:शुल्क योग शिविर

पिहोवा। भारतीय योग संस्थान, पिहोवा द्वारा मॉडल टाउन स्थित बड़ा पार्क में नि:शुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 70 योग साधकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए योगाभ्यास किया तथा स्वस्थ एवं निरोग जीवन के लिए नियमित योग अपनाने का संकल्प लिया। शिविर का आयोजन भारतीय योग संस्थान पिहोवा के अध्यक्ष प्रवीण कुमार गर्ग के नेतृत्व में तथा संस्थान के संरक्षक महेश तलवार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। योग प्रशिक्षण का संचालन मुख्य शिक्षक टेकचंद ने किया, जबकि मुख्य शिक्षिकाओं पूनम, आशा और दीपा ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान क्रियाओं का अभ्यास करवाया। कार्यक्रम में भारतीय योग संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष ओम प्रकाश मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ देवीदयाल, मनीराम, गुलशन ग्रोवर तथा डॉ. विनोद गुप्ता (चीका) ने भी भाग लिया।

## हरियाणा कौशल रोजगार निगम कर्मियों को पक्का करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कांग्रेस ओबीसी सेल के पूर्व प्रदेश संयोजक एवं पानीपत जिला प्रभारी प्रवीण कश्यप दयालपुर ने हरियाणा सरकार से मांग की है कि प्रदेश में कार्यरत लगभग 1.20 लाख कौशल रोजगार निगम कर्मचारियों को हिमाचल प्रदेश और पंजाब की तर्ज पर नियमित किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्षों से विभिन्न सरकारी विभागों में सेवाएं दे रहे कर्मचारियों को स्थायी रोजगार का अधिकार मिलना चाहिए, ताकि उनका भविष्य सुरक्षित हो सके। प्रवीण कश्यप ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, नगर निकाय, बिजली, सिंचाई और विश्वविद्यालयों सहित कई विभागों में कार्यरत हरियाणा कौशल रोजगार निगम कर्मचारी पूरी मेहनत और निष्ठा से अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे हैं, लेकिन उन्हें स्थायी कर्मचारियों जैसी सुविधाएं, वेतनमान और सामाजिक सुरक्षा नहीं मिल पा रही। यह कर्मचारियों के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्यों में आउटसोर्स और ठेका कर्मचारियों को नियमित करने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाए गए हैं।

### सोमनाथ धाम के लिए 8 को रवाना होगी विशेष ट्रेन : दून

पिहोवा। एसडीएम अनिल कुमार दून ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश के पात्र वृद्धजन लाभार्थियों को गुजरात स्थित पवित्र सोमनाथ मंदिर के निशुल्क दर्शन करवाने के उद्देश्य से सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर 8 जून को कुरुक्षेत्र से सोमनाथ के लिए विशेष ट्रेन रवाना होगी। इस विशेष ट्रेन को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। एसडीएम अनिल कुमार दून ने कहा कि इस यात्रा में शामिल होने के इच्छुक पात्र लाभार्थी 06 जून तक सरल पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट सरल हरियाणा डॉट जीओवी डॉट इन पर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।

### भागवत कथा में गूंजे धर्म के दिव्य प्रसंग



पिहोवा। स्थानीय श्री गोबिदानंद आश्रम में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में 13वें दिन कथा वाचक महंत सर्वेश्वरी गिरी ने विभिन्न पौराणिक एवं आध्यात्मिक प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति, त्याग और लोक कल्याण का संदेश दिया। उन्होंने कथा के दौरान राजा सगर की कथा, मां गंगा के पृथ्वी पर अवतरण, भगवान श्री राम के आदर्श जीवन चरित्र, चंद्रवंश की गौरवगाथा, समुद्र मंथन, राजा बलि की दानशीलता तथा भगवान वामन अवतार के दिव्य प्रसंगों का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। महंत सर्वेश्वरी गिरी ने कहा कि राजा सगर की कथा भारतीय संस्कृति में तप, त्याग और सत्यनिष्ठा का अनुपम उदाहरण है। उनके वंशजों द्वारा किए गए महान प्रयासों के फलस्वरूप मां गंगा का पृथ्वी पर अवतरण हुआ, जिससे असंख्य प्राणियों का कल्याण संभव हुआ। व्यासपीठ से उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे इन दिव्य प्रसंगों को केवल सुनें ही नहीं, बल्कि अपने जीवन में भी उतारें। धर्म, सत्य, सेवा, करुणा और परोपकार के मार्ग पर चलकर ही मानव जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है।

## सीटी-एआई आधारित शिक्षण से विद्यार्थियों में विकसित होगी नवाचार की सोच : प्रो. राकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर

- श्रीमहावीर जैन पब्लिक स्कूल में इन हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

श्रीमहावीर जैन पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र में सीबीएसई क्षमता निर्माण कार्यक्रम (सीबीपी) के तहत एसेसमेंट एंड पेडागोजी इन सी.टी. विषय पर तीन घंटे का इन हाउस प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संसाधन व्यक्ति के रूप में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. राकेश कुमार ने शिक्षकों को कम्प्यूटेशनल थिंकिंग (सीटी) एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित शिक्षण और मूल्यांकन की नवीनतम अवधारणाओं से परिचित कराया। प्रो. राकेश कुमार ने कहा कि आज के डिजिटल युग में विद्यार्थियों के भीतर तार्किक चिंतन, समस्या समाधान क्षमता और नवाचार की सोच विकसित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विभिन्न गतिविधियों और उदाहरणों के माध्यम से बताया कि किस प्रकार सीटी एवं एआई को कक्षा शिक्षण में प्रभावी रूप से शामिल किया जा सकता है। उन्होंने शिक्षकों को मूल्यांकन की आधुनिक तकनीकों और विद्यार्थियों की सीखने की प्रक्रिया को अधिक रोचक एवं प्रभावी बनाने के उपायों पर भी विस्तार से चर्चा की।



### शहीद मदन लाल ढींगड़ा स्मारक समिति के निर्विरोध प्रधान बने अशोक अरोड़ा

कुरुक्षेत्र। पंजाबी धर्मशाला के अर्जुन सभागार में शहीद मदन लाल ढींगड़ा स्मारक समिति की कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी राजन चावला एडवोकेट ने जानकारी दी कि आगामी 3 वर्षों के लिए कार्यकारिणी का चुनाव निर्विरोध हुआ। उन्होंने बताया कि इस चुनाव में थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा को सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया। इससे पूर्व पदाधिकारियों के चुनाव हेतु निर्धारित तिथि 20 मई तक पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी के सदस्यों के लिए नामांकन भरे गए थे। उन्होंने बताया कि इस चुनाव में जहां श्री अशोक अरोड़ा को प्रधान चुना गया वहीं महासचिव के पद पर दीनानाथ अरोड़ा एडवोकेट को निर्वाचित किया। सभी चुनाव सर्वसम्मति से हुए। वरिष्ठ उपप्रधान ओम प्रकाश गुलियानी और नरेंद्र ढींगरा, उप प्रधान गुलशन गाबा तथा विवेक मेहता विक्की, सचिव सोमप्रकाश सचदेवा, कोषाध्यक्ष राजेश पोपली को निर्वाचित घोषित किया गया।



### श्रीदक्षिणा काली पीठ में पूणार्हुति, कन्या पूजन और भंडारे संग संपन्न हुआ गायत्री महायज्ञ

पिहोवा। श्रीदक्षिणा काली पीठ धाम मॉडल टाउन में महामंडलेश्वर स्वामी विद्या गिरी महाराज के मार्गदर्शन एवं भारत साधु समाज के प्रदेशाध्यक्ष श्रीमहंत बंसी पुरी महाराज के सानिध्य में चल रहा सप्त दिवसीय गायत्री महायज्ञ रविवार को पूणार्हुति, कन्या पूजन, संतो के प्रवचन एवं विशाल भंडारे के साथ संपन्न हुआ।यज्ञाचार्य डा. अभिषेक कुश सहित विद्वान ब्राह्मणों द्वारा श्रद्धालुओं से पूरे विधि-विधान व मंत्रोच्चारण के साथ पूणार्हुति डलवाई गई। ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण की गूंज से पूरा वातावरण भक्तियम नजर आ रहा था। महामंडलेश्वर स्वामी विद्यागिरी, श्रीमहंत बंसी पुरी, महतं विश्वनाथ गिरी, संत आत्मविभोर पुरी, महंत भीम पुरी, महंत लक्ष्मीनारायण पुरी, महंत सर्वेश्वरी गिरी, संत ज्ञानेश्वर, महंत जगन्नाथ पुरी, स्वामी महेश पुरी, स्वामी चमन गिरी, सहित अनेक संत महात्माओं व विधायक मनदीप सिंह चट्ठा, गोपाल कौशिक, राकेश वधवार, अवतार वालिया, अमित चक्रपाणि, हन्नु चक्रपाणि, भाजपा नेता सतीश सैनी, सरपंच विकल चौबे, सहित अनेक गण्यमान्यजनों सहित सैंकड़ों श्रद्धालुओं द्वारा यज्ञ में पूणार्हुति डालकर व मां काली मंदिर में पूजा अर्चना कर अपने सुखमय जीवन की कामना की।

## सुशासन और समाजसेवा की प्रतीक थीं अहिल्याबाई होल्कर

*धर्मनगरी में धूमधाम से मनाई होल्कर जयंती*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर



मातेश्वरी अहिल्याबाई होल्कर सेवा समिति की ओर से रविवार को धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में रेलवे रोड पर स्थित अहिल्याबाई चौक पर अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती बड़े उत्सव व धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर सुबह हवन यज्ञ कर सुख-शांति की कामना की गई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पूर्व मंत्री सुभाष सुधा व विशिष्ठ अतिथि थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा, नगर परिषद चेयरमेन माफी ढांडा ने कार्यक्रम में शिरकत की और माता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और अहिल्याबाई होल्कर के द्वारा करवाए गए सामाजिक कार्यों पर प्रकाश डाला। पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि एक कुशल प्रशासक के रूप में माता अहिल्याबाई ने पूरे देश में सुशासन के कीर्तिमान स्थापित किए और सैकड़ों तीर्थस्थानों का जीर्णोद्धार कराया। इस अवसर पर सेवा समिति की ओर से कढ़ी, चावल व हलवे का विशाल भंडारा लगाया गया। इसके अलावा जलजीरा की छबील लगाकर राहगीरों की प्यास बुझाई। इस अवसर पर मातेश्वरी अहिल्याबाई होल्कर सेवा समिति के अध्यक्ष मोहन प्रधान सग्गा, मास्टर अमन सिंह अमीन, अमित कुमार नीलाखेड़ी, शमशेर काछवा, समिति के जिला अध्यक्ष एडवोकेट महेंद्र सिंह, शमशेर पाल बारवा, डॉ. कृष्ण पानीपत, हेमंत पाल, ब्लॉक समिति सदस्य सतबीर बादल, दीवान चंद पाल, हिमांशू पाल, रणधीर समौरा, घनश्याम, महेंद्र मोदीपुर, धर्म सिंह बड़ौली, रामकिशन घराड़सी, रमेश पाल नलवी, सतीश पाल, पंकज पाल, जसबीर पाल आदि मौजूद रहे।

### उदयन शालिनी फैलोशिप की चयन परीक्षा संपन्न 21वें बैच के लिए 137 छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा




कुरुक्षेत्र। आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन मेधावी छात्राओं को शिक्षा और नेतृत्व के अवसर प्रदान करने वाले उदयन शालिनी फैलोशिप (यूएसएफ) कार्यक्रम के 21वें बैच की चयन परीक्षा का आयोजन गुरु नानक सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुरुक्षेत्र में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस परीक्षा में विभिन्न क्षेत्रों की 137 छात्राओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास का परिचय दिया। वर्ष 2004 में शुरू हुए इस प्रेरणादायी कार्यक्रम ने पिछले दो दशकों में सैकड़ों छात्राओं के जीवन को नई दिशा दी है। अध्याय संयोजिका डॉ. सुषमा शर्मा के नेतृत्व तथा डॉ. राम निवास के सहयोग से यह पहल लगातार सफलतापूर्वक आगे बढ़ रही है। कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को शिक्षा, व्यक्तित्व विकास, करियर मार्गदर्शन, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किए जाते हैं। चयन परीक्षा में इस्माईलाबाद, लाडवा, पिपली, थानेसर, करनाल, जींद और यमुनानगर सहित विभिन्न क्षेत्रों के 22 सरकारी विद्यालयों की छात्राओं ने भाग लिया। परीक्षा संचालन में विद्यालय की प्रधानाचार्या चरनजीत कौर, 18 शालिनी फेलोज, निशा, आईटी प्रशिक्षक गीतांजलि और एपीसी पूजा का विशेष सहयोग रहा। परीक्षा से पूर्व छात्राओं को फैलोशिप कार्यक्रम की विशेषताओं और इससे मिलने वाले अवसरों की विस्तृत जानकारी दी गई।

### टेरी कॉलेज में 340 मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

कुरुक्षेत्र। टेरी कॉलेज के व्योम ऑडिटोरियम में आज प्रतिभा सम्मान समारोह अत्यंत उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। इस समारोह का उद्देश्य शैक्षणिक सत्र 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना तथा उनकी उपलब्धियों को सम्मानित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ टेरी संस्थान के वाइस चेयरमैन डॉ. वीरेंद्र गोयल द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती सुमन बाला, प्राचार्य, गीता गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कुरुक्षेत्र तथा श्रीमती रश्मि गुप्ता, पीजीटी (राजनीति विज्ञान) ने भाग लिया। अपने संयुक्त संबोधन में टेरी संस्थान के वाइस चेयरमैन डॉ. वीरेंद्र गोयल एवं चीफ एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर आर्किटेक्ट गरिमा गोयल ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण ही उनके उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मान समारोह छात्रों को अपनी क्षमताओं को और निखारने तथा जीवन में उच्च लक्ष्य प्राप्त करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम, सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।



## 20 दिवसीय बांसुरी वादन कार्यशाला का हुआ समापन, प्रतिभागियों को बांटे प्रमाण पत्र

# बांसुरी संगीत के माध्यम से प्रेम का संदेश फैलाने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा कला परिषद् एवं जीओ गीता गुरुकुल के सहयोग से आयोजित 20 दिवसीय कार्यशाला का विधिवत समापन हो गया। गीता मनीषी परमपूज्य स्वामी ज्ञानानंद ने सभी प्रभागियों को अगली प्रातः प्रमाण पत्र वितरित कर आशीर्वाद दिया। इस कार्यशाला में विशिष्ट अतिथियों के रूप में डॉ अशोक शर्मा, विभागाध्यक्ष संगीत एवं नृत्य विभाग तथा सुधीर कुमार जी प्रबंधक विद्या भारती रहे। भगवत गीता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर तथा पुष्प अर्पित एवं माँ सरस्वती की अराधना कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया।



### विद्वानों के मार्गदर्शन से निखरी प्रतिभाएं

पुस्तकालय अध्यक्ष वेद मिश्रा द्वारा 20 दिवसों की विस्तृत रिपोर्ट पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत की गई। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में प्रतिदिन किसी न किसी विद्वत जन के द्वारा प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया गया। बांसुरी वादन प्रशिक्षक डॉ मनीश कुकरेजा के बांसुरी गुरु उस्ताद डॉ मुजतबा हुसैन ने भेजे गए वीडियो संदेश में सभी को साधुवाद दिया तथा सुंदर कार्यशाला में सभी सहयोग देने वाले अधिकारियों, प्रशिक्षकों, विशिष्ट अतिथियों व प्रतिभागियों व उनके अभिभावकों को आशीर्वाद देते हुए शुभ कामनाएं दी। उन्होंने बांसुरी संगीत के माध्यम से प्रेम का संदेश विश्व में फैलाने का आह्वान किया। मुख्य प्रशिक्षक डॉ मनीश कुकरेजा द्वारा सभी प्रतिभागियों को संकल्प दिलाया गया कि बांसुरी का नियमित अभ्यास करने,गुरु जनों का सम्मान करने तथा भारतीय शास्त्रीय संगीत के प्रति अटूट श्रद्धा रखने का। अपने संबोधन में विशिष्ट अतिथि सुधीर कुमार ने संगीत के द्वारा किस प्रकार पांच कोशों यथा अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय व आनंदमय कोशों को पुष्ट किया जा सकता है पर प्रकाश डाला। उन्होंने कार्यशाला के मुख्य प्रशिक्षक डॉ मनीश कुकरेजा को उनके इस पवित्र कार्य हेतु कोटि कोटि बधाई दी व सभी प्रतिभागियों को नियमित अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। अन्य विशिष्ट अतिथि डॉ अशोक शर्मा ने अपने उद्बोधन में इस सुंदर कार्यशाला को संचालित करने में महती भूमिका निभाने वाले अधिकारियों, प्रतिभाओं व विशेष रूप से मुख्य प्रशिक्षक को हृदय से शुभकामनाएं ज्ञापित की व कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाओं से प्रतिभाओं का विकास होता है।

